कोटद्वार, मंगलवार
2 अप्रैल 2024
वर्षः 45
अंकः 327 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### कोतवाली में पुलिस के सामने बेटी ने की मां से मारपीट

रुद्रपुर।रुद्रपुर कोतवाली में पुलिस के सामने बेटी का अपनी मां से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, किशोरी मानसिक रूप से बीमार है। किशोरी को समझाने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को ग्राम सिरौलीकला किच्छा निवासी 17 वर्षीय किशोरी 31वीं पीएसी वाहिनी पहुंच गई। यहां परिसर में किशोरी को घूमते देख वहां तैनात पुलिस कर्मियों ने उसका नाम पता पूछा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर महिला पुलिस कर्मी उसे रुद्रपुर कोतवाली ले गई। उसके पता बताने पर परिजनों को सूचना देकर कोतवाली बुलाया गया। यहां मां को देख किशोरी उसके साथ मारपीट करने लगी। इस दौरान महिला पुलिस कर्मी ने बीचबचाव कर मामला शांत करवाया। वहीं कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि किशोरी मानसिक रूप से बीमार है। किशोरी अपनी मां के साथ जाने से मना कर रही थी। बाद में उसे किसी तरह समझा–बुझाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### लोकसभा चुनाव में बांटने के लिए ले जाई जा रही थी शराब से भरी दो गाड़ियां

देहरादून। राजपुर थाना पुलिस ने लोकसभा चुनाव में बांटने के लाई जा 51 पेटी शराब पकड़ी है। पुलिस ने शराब के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को राजपुर थाना के एसओ पीडी भट्ट और आईटी पार्क इंचार्ज शोएब अली को सूचना मिली कि अंशल ग्रीन वैली में दो वाहनों में शराब भरी है।सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपित पवन राघव निवासी बापू नगर विवेक विहार और दयानंद शर्मा निवासी बापू नगर विवेक विहार को गिरफ्तार कर 51 पेटी शराब बरामद की गई।

### बंगाल में चक्रवाती तूफान ने मचाया कोहराम, 5 की हुई मौत

कोलकात्ता , पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य के जलपाईगुड़ी जिले के कुछ हिस्सों में रविवार को आए तूफान के कारण मरने की वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। इस तूफान में 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जिला मुख्यालय शहर के अधिकतर हिस्सों और पड़ोसी मैनागुड़ी के कई इलाकों में ओलावृष्टि के साथ तेज हवाएं चलने से कई झोपडियां और मकान क्षतिग्रस्त हो गए। बनर्जी ने रविवार देर रात जिले का दौरा किया और लोगों को प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, अब तक, हमारे पास पांच लोगों की मौत होने की खबर है। घायलों की संख्या काफी अधिक है। मैंने घायलों और तूफान में मारे गए लोगों के परिजन से मुलाकात की। राज्य प्रशासन पीड़ित परिवारों की मदद के लिए हर संभव कोशिश करेगा। मुआवजे के बारे में पूछे जाने पर बनर्जी ने कहा, ह्यह्यआदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण मैं इस बारे में कुछ नहीं कह सकती। आपको जिला प्रशासन से बात करनी होगी। तूफान के कारण राजारहाट, बार्निश, बकाली, जोरपाकड़ी, माधबडांगा और सप्तीबारी सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं एवं कई एकड़ क्षेत्र में लगी फसलों को नुकसान पहुंचा है।

### कच्चातिवु पर कांग्रेस व डीएमके की उदासीनता से मछुआरों के हितों को हुआ नुकसान : पीएम मोदी

चेन्नई , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कच्चातिवु मुद्दे पर कांग्रेस और डीएमके पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि दोनों परिवारवादी पार्टियों की उदासीनता के कारण मछुआरों के हितो को नुकसान हुआ है। ह्यएक्सह्ण पर एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने कहा, बयानबाजी के अलावा, डीएमके ने तमिलनाडु के हितों की रक्षा के लिए कुछ भी नहीं किया है। कच्चातिवु पर सामने आए नए विवरणों ने डीएमके के दोहरे मानकों को उजागर कर दिया है। कांग्रेस और डीएमके पारिवारिक इकाइयां हैं। वे केवल अपने बेटे–बेटियों की परवाह करते हैं। उन्हें किसी और की परवाह नहीं है। कच्चातिवु पर उनकी उदासीनता ने, विशेष रूप से हमारे गरीब मछुआरों के हितों को नुकसान पहुंचाया है। प्रधानमंत्री तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के.अन्नामलाई को दिए विदेश मंत्रालय के एक आरटीआई जवाब पर आधारित मीडिया रिपोर्ट का जवाब दे रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 1974 में कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया । आरटीआई के जवाब में विदेश मंत्रालय ने कहा कि देश के पहले प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लिखा था कि द्वीप अप्रासंगिक है और इसे अपने पास रखने का कोई कारण नहीं है।
अन्नामलाई द्वारा प्राप्त और सार्वजनिक डोमेन में मौजूद दस्तावेज़ में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि तत्कालीन अटॉर्नी जनरल और विख्यात अधिवक्ता एम.सी. सीतलवाड ने सलाह दी थी कि कच्चातिवु द्वीप पर अधिकार बनाए रखने के लिए भारत के पास ठोस कानूनी आधार है, क्योंकि ईस्ट इंडिया कंपनी ने इस द्वीप को तत्कालीन रामानाद (रामनाथपुरम) के राजा को सौंप दिया था। गौरतलब है कि श्रीलंकाई नौसेना द्वारा भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने और उनकी महंगी नौकाओं को जब्त करने से तमिलनाडु के मछुआरों को कठिन स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। इस साल जनवरी से अब तक 125 से अधिक तमिल मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किया गया है। मछुआरों की गिरफ्तारी और महंगी नौकाओं को जब्त करने के खिलाफ रामनाथपुरम, नागापट्टिनम, पुडुकोट्टई और तमिलनाडु के मछली पकडने वाले कई गांवों में मछुआरे परिवार हड़ताल पर हैं।

## भाजपा प्रदेश की पांचों संसदीय सीट पर भारी मतों से जीत दर्ज करेगी : सीएम धामी



देहरादून।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने साहिया से जौनसार क्षेत्र में चुनावी शंखनाद किया। उन्होंने कहा कि जौनसार बावर की धरती इतिहास की साक्षी रही है। यह भूमि संस्कृति की भूमि है। सीएम ने कहा कि आम चुनाव में भाजपा, प्रदेश की पांचों संसदीय सीट पर भारी मतों से जीत दर्ज करेगी। ये पहला ऐसा चुनाव है जिसका परिणाम सभी को पता है। मंडी परिसर में मुख्यमंत्री ने टिहरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह चुनाव विशेष है। ऐसा पहली बार है कि इस बात की कहीं चर्चा नहीं है कि किसकी सरकार बनेगी और कौन प्रधानमंत्री बनेगा।

धामी ने कहा कि हर व्यक्ति को पता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 400 से ज्यादा सीटों के साथ भाजपा सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में 11वीं से पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है। अगले पांच साल में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

सीएम ने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाकर और तमाम भ्रष्टाचारियों को जेल में डालकर हमने साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार में बड़े फैसले लेने की कुव्वत है। धामी ने कहा कि पूर्व में जो भगवान राम को काल्पनिक बताते थे, आज वो जय श्रीराम का उद्घोष कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जौनसार बावर के लिए उनके पास जो भी योजना आई, उन्होंने उसे फौरन मंजूरी दी। शेष लंबित कार्यों को भी चुनाव बाद मंजूरी दी जाएगी। बकौल धामी–जौनसार से मेरा विशेष लगाव है। मैं यहां सांस्कृतिक और धार्मिक समारोहों में समय–समय पर आता हूं। हमारी सरकार ने नवीन चकराता टाउनशिप को मंजूरी दी है। इससे क्षेत्र के 40 गांव लाभान्वित होंगे और पर्यटन के क्षेत्र में विकास होगा। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में चकराता में भाजपा पिछड़ जाती है, लेकिन इस बार विश्वास है कि जौनसार बावर की जनता भी विकास के साथ कदमताल करेगी। जनता के साथ से चकराता क्षेत्र में भाजपा बढ़त बनाएगी।

### भाजपा ने चुनाव आयोग से की राहुल गांधी की शिकायत

नई दिल्ली , केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयानों की शिकायत की है। भाजपा ने राहुल गांधी द्वारा लगातार और बार–बार इस तरह के बयान देने का हवाला देते हुए चुनाव आयोग से नोटिस देने की बजाय कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। भाजपा ने आयोग से राहुल गांधी के भाषण पर रोक लगाने की भी मांग की है। चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग के सामने कई बातें रखी है। रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन की रैली में राहुल गांधी ने कहा था कि लोकसभा चुनाव एक फिक्स्ड मैच की तरह है, केंद्र सरकार ने चुनाव आयोग में अपने व्यक्ति बैठा दिए हैं। राहुल गांधी ने ईवीएम के मिसयूज़ को लेकर भी बातें कही, जबकि, चुनाव आयोग कई बार यह कह चुका है कि ईवीएम को टेम्पर नहीं किया जा सकता है।

पुरी ने राहुल गांधी के बयान की आलोचना जारी रखते हुए आगे कहा कि उन्होंने भाजपा पर संविधान और लोगों को मिले संवैधानिक अधिकारों को छिनने का गलत आरोप लगाया। राहुल गांधी ने देश के टुकड़े–टुकड़े होने और देश में आग लगने की बात भी कही, जो आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हताशा में इस तरह के बयान दे रहे हैं। पुरी ने आगे बताया कि उन्होंने पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार के रवैए की भी चुनाव आयोग से शिकायत की है।

## तिहाड़ जेल भेजे गए अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) ने दिल्ली शराब नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को यहां की एक विशेष अदालत में पेश किया जहां से उन्हें 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया। अरविंद केजरीवाल पहले नेता हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री के पद पर रहते गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी की हिरासत में भेजा गया और अब जेल भजने का आदेश पारित किया गया।

अदालत के समक्ष ईडी का पक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने रखा। उन्होंने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूछताछ के दौरान वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। ईडी ने कड़ी सुरक्षा के बीच अरविंद केजरीवाल को पेश किया। पेशी से पहले एक मीडियाकर्मी के सवाल के संक्षिप्त जवाब में उन्होंने (केजरीवाल) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर इशारा करते हुए कहा, 'ये जो कर (ईडी की कार्रवाई) रहे हैं, देश के लिए अच्छा नहीं कर रहे हैं।'

बता दें कि अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को केंद्रीय जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया था। अगले दिन 22 मार्च को उन्हें विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में पूछताछ के लिए भेजने का आदेश पारित किया गया। अदालत ने ईडी के दूसरी बार 28 मार्च को अनुरोध करने पर एक अप्रैल तक आम आदमी पार्टी ने नेता केजरीवाल की हिरासत अवधि बढ़ाई थी।

विशेष अदालत के समक्ष 22 मार्च को ईडी ने मुख्यमंत्री को कथित शराब नीति 2021–2022 घोटाले (जो बाद में रद्द कर दी गई थी) का मुख्य 'साजिशकर्ता और सरगना' होने का आरोप लगाया था। तब मुख्यमंत्री के अधिवक्ताओं ने ईडी के इन आरोपों को खारिज करते हुए कड़ी आपत्ति जताई थी।

### शाहजहां शेख की मुश्किलें बढ़ीं

## 13 अप्रैल तक ईडी की हिरासत में भेजा



कोलकाता ,तृणमूल कांग्रेस से निलंबित शेख को ईडी ने बशीरहाट जेल में शनिवार को गिरफ्तार किया था। शेख को एक अन्य धनशोधन मामले में पांच जनवरी को संदेशखाली में तलाशी के दौरान एजेंसी के अधिकारियों पर भीड़ के हमले के मामले में जेल में रखा गया था।

कोलकाता की एक कोर्ट ने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार शाहजहां शेख को सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय की 13 दिन की हिरासत में भेज दिया। जांच एजेंसी ने शेख को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में मछली पालन के कारोबार की आड़ में धन की कथित हेराफेरी को लेकर दर्ज धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। इससे पहले राशन घोटाले और संदेशखाली कांड के मास्टरमाइंड और निलंबित तृणमूल नेता शेख शाहजहां को ईडी ने सोमवार कोलकाता के बैंकशाल कोर्ट की ईडी की विशेष अदालत में पेश किया। कोर्ट में ईडी के वकील ने दावा किया कि देश की खातिर, संदेशखाली के लोगों की खातिर शाहजहां को हिरासत में लेना जरूरी है, नहीं तो यह अभिशाप हो जाएगा। बता दें कि गत 30 मार्च को ईडी ने राशन घोटाले में शाहजहां को गिरफ्तार किया था। ईडी ने कोर्ट को बताया कि शाहजहां शेख अपने सहयोगियों की मदद से आदिवासियों की जमीन पर कब्जा करता था और उस पर झींगा पालन करता था। इस व्यवसाय की आड़ में उसने राशन घोटाले की करीब 31.20 करोड़ रुपये की काली कमाई को सफेद किया। इसके लिए उसने अपनी शेख सबीना के नाम पर एक कंपनी भी खोल रखी थी।

### भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, इतिहास में पहली बार 21 हजार करोड़ के पार

नई दिल्ली ,भारत ने रक्षा क्षेत्र में रिकॉर्ड सफलता हासिल की है। भारत का एक्सपोर्ट इस क्षेत्र में रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गया है। इसकी जानकारी केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। राजनाथ सिंह ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि सभी भारतवासियों को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय रक्षा निर्यात अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गया है और स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार 21,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 21,083 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जिसमें पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई है।

रक्षा मंत्री ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में रक्षा मंत्रालय ने भारत के डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। ऐसे में निजी क्षेत्र और डीपीएसयू सहित हमारे रक्षा उद्योगों ने बीते कुछ वर्षों के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया है। रक्षा मंत्री ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए डिफेंस एक्सपोर्ट क्षेत्र के सभी हिस्सेदारों को शुभकामना भी दी।

## पीएम मोदी रुद्रपुर में आज करेंगे जनसभा



देहरादून। भारतीय जनता पार्टी–बीजेपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2 अप्रैल को रुद्रपुर में आयोजित होने वाली जनसभा की तैयारियों में जुट गई है। इस रैली के जरिए पार्टी पूरे उत्तराखंड में सियासी संदेश पहुंचाने की तैयारी कर रही है। रुद्रपुर में दो अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली होनी है। इस रैली का कार्यक्रम तय होने के साथ ही भाजपा तैयारियों में जुट गई है। रैली के संयोजक की नियुक्ति के साथ ही सभी व्यवस्थाओं के लिए अलग अलग नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी का पूरा अमला रैली की तैयारियों में जुट गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट खुद एक एक कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर रहे हैं। राज्य में पहले चरण में मतदान होना है। ऐसे में पार्टी अब प्रचार अभियान को गति देने जा रही है। मोदी की रैली से प्रचार अभियान की शुरुआत : प्रधानमंत्री मोदी रुद्रपुर से भाजपा के प्रचार अभियान की भी शुरुआत करेंगे। पार्टी ने आम चुनाव के प्रचार के लिए 40 स्टार प्रचारक तय किए हैं। लेकिन अभी तक किसी भी स्टार प्रचारक की रैली राज्य में हुई नहीं है। सबसे पहली रैली राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हो रही है। ऐसे में इस रैली के जरिए राज्य में प्रचार अभियान की शुरुआत होने जा रही है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के आरोप निराधार : भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे से पहले कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के बयान पर रविवार को भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने प्रतिक्रिया दीर। उन्होंने कहा कि अब तक तुष्टिकरण की राजनीति करती रही कांग्रेस का दांव उल्टा पड़ने पर अब वह ध्रुवीकरण का राग अलाप रही है। कांग्रेस की इसी राजनीति का असर उसे भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इतना सब झेलने के बाद भी कांग्रेस ने अभी तक सबक नही लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य की बेटी अंकिता के नाम पर राजनीति कर रही कांग्रेस को जनता उसकी तथाकथित यात्राओं मे आइना दिखा चुकी है। कानून अपना कार्य कर रहा है और आरोपी सलाखों के पीछे है। लेकिन राजनीति के बहाने किसी का चरित्र हनन कांग्रेस की परंपरा का हिस्सा रहा है। चौहान ने कहा कि केदारनाथ मे कोई सोने की चोरी नही हुई है और जांच मे यह स्पष्ट हो चुका है। पेपर लीक मामले मे नकल विरोधी कड़ा कानून बन चुका है जो कि देश के अन्य राज्य भी लागू कर रहे है। पहली बार धामी सरकार ने दिखाया कि बिना काल खंड देखे कैसे पारदर्शी नीति अमल मे लाई जाती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रुद्रपुर में होने वाली रैली ऐतिहासिक होने जा रही है। इस रैली को लेकर आम लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। पार्टी भी रैली की तैयारियों में जुट गई है।

**— महेंद्र भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा।**

## गंगोत्री नेशनल पार्क पर्यटकों के लिए खुला




उत्तरकाशी।गंगोत्री नेशनल पार्क सोमवार से पर्यटकों के लिए खुल गया है। अब देश विदेश से आने वाले पर्यटक गर्तांगली, नेलांग, गोमुख सहित तपोवन की सैर कर सकते हैं। पहले दिन 50 पर्यटकों ने की गर्तांगली की सैर। गंगोत्री नेशनल पार्क के उप निदेशक रंगनाथ पांडेय ने बताया कि सोमवार को गंगोत्री धाम परिसर से दो किमी. की दूरी पर स्थित कनखू बैरियर के पास विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद गंगोत्री नेशनल पार्क के गेट सुबह 09 बजे पर्यटकों के लिए खोल दिए हैं। इसके साथ ही गर्तांगली, केदार ताल, भैरव घाटी नेलांग चेक पोस्ट पर भी पूजा अर्चना की गई। कहा कि अब पर्यटक पार्क का दीदार करने के लिए गर्तांगली, नेलांग , केदार ताल सहित गोमुख व तपोवन की सैर कर सकते हैं। गंगोत्री नेशनल पार्क क्षेत्र अधिकारी प्रदीप सिंह बिष्ट ने बताया कि सोमवार को गंगोत्री नेशनल पार्क के चारों गेट पर्यटकों के आवगमन के लिए खोल दिए गए हैं। कहा सोमवार को पहले दिन 50 से अधिक पर्यटकों ने गर्तांगली का दीदार किया। कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस वर्ष हजारों की संख्या में पर्यटक नेशनल पार्क की सैर करेंगे।

### कांग्रेस को दूसरे दिन फिर बड़ा झटका, अनिल शर्मा के बाद अब इस नेता ने छोड़ी पार्टी

पटना ,लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद बिहार कांग्रेस को लगातार झटका लग रहा है। रविवार को पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा ने पार्टी छोडी, तो सोमवार को पार्टी के प्रवक्ता असित नाथ तिवारी ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में कहा है कि वे सिर्फ पार्टी के प्रवक्ता पद से नहीं, बल्कि पार्टी क्ी प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा क्ि उनका इस्तीफा व्यक्तिगत कारणों से है। पार्टी के किसी नेता या कार्यकर्ता से उनको कोई शिकायत नहीं है। उल्लेखनीय है क्ि इससे पहले बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने इस बाबत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े को पत्र लिखा है। बिहार में कांग्रेस महागठबंधन में शामिल है और लोकसभा चुनाव मे उसके कोटे मे नौ सीटें आईं हैं।

### तोशाखाना मामले में इमरान खान और उनकी पत्नी को राहत

## इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने निलंबित की सजा



इस्लामाबाद , पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को बड़ी राहत देते हुए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने तोशाखाना मामले में उनकी 14 साल की सजा निलंबित कर दी है। इमरान खान और बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में दोषी पाया गया था। यह मामला पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी द्वारा उनके कार्यकाल के दौरान विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्राप्त उपहारों के दुरुपयोग और अवैध तरीकों से उपहार प्राप्त करने से संबंधित था। आम चुनाव से कुछ दिन पहले इस मामले में इमरान खान को सजा सुनाई गई थी, जिसे जल्दबाजी में की गई कार्रवाई और इमरान खान का सलाखों के पीछे रहना सुनिश्चित करने के लिए जल्दबाजी में लिया गया फैसला बताया जा रहा था। शुरुआत में जवाबदेही अदालत ने 31 जनवरी को फैसला सुनाया था, जिसे बाद में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में चुनौती दी गई, जिसने अब सजा को निलंबित कर दिया है और दंपति को जमानत पर रिहा करने की अनुमति दी है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में कार्यवाही के दौरान, अदालत ने जवाबदेही अदालत के 31 जनवरी 2024 के फैसले के खिलाफ इमरान खान के वकील की अपील पर सुनवाई की, जिसमें इमरान खान और उनकी पत्नी को देश के उपहार भंडार का दुरुपयोग करने का दोषी पाया गया और सजा सुनाई गई थी। इमरान खान और उनकी पत्नी को 14 साल की कैद के अलावा प्रत्येक आरोपी पर 78.7 करोड़ पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। आईएचसी की खंडपीठ, जिसमें आईएचसी के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियां गुल हसन औरंगजेब शामिल थे, ने सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई की। बैरिस्टर अली जफर ने इमरान खान का प्रतिनिधित्व किया जबकि एनएबी अभियोजक अमजद परवेज़ ने राष्ट्रीय जवाबदेही बोर्ड (एनएबी) का प्रतिनिधित्व किया। इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के लिए राहत पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) समर्थकों और अनुयायियों के लिए एक बड़ी सफलता है, जो विरोध–प्रदर्शन और रैलियां कर रहे हैं और अपने नेता की रिहाई के लिए सोशल मीडिया अभियान चला रहे हैं।

## परिवार बचाने के लिए एकजुट हो रहा विपक्ष : निशंक



देहरादून।पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि आम चुनावों से पहले विपक्षी दलों की एकता सिर्फ अपने– अपने परिवार बचाने के लिए है। उन्होंने कहा कि देश में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने जा रही है। सोमवार को भाजपा के मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता के दौरान निशंक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस सालों के दौरान ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि आजादी से 2013 तक जितने विकास कार्य हुए उससे अधिक काम मोदी सरकार के दस सालों में किए गए। इसी का नतीजा है कि आज पूरी दुनियां में भारत को सम्मान की नजर से देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब देश की पहचान भ्रष्टाचारी देश के रूप में थी। लेकिन आज पूरी दुनियां भारत को एक शक्ति केंद्र के रूप में देखती है। उन्होंने इस दौरान कहा कि राज्य में भी पिछले दस सालों के दौरान कई ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। इस अवसर पर विधायक सविता कपूर, मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, पुनीत मित्तल, सुरेश जोशी,राजेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे।

### हरियाणा सरकार को सुप्रीम कोर्ट का झटका

नई दिल्ली , उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार के खिलाफ पंजाब–हरियाणा सीमा पर प्रदर्शन के दौरान एक 22 वर्षीय किसान शुभकरण की कथित तौर पर पुलिस की गोली लगने से मौत मामले में उच्च न्यायालय की ओर से दिये गये न्यायिक जांच के आदेश को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी।यह युवक केंद्र सरकार से अपने फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने का कानून लागू करने की मांग को लेकर पंजाब–हरियाणा सीमा पर आंदोलन करने वाले किसानों में शामिल था। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने हरियाणा सरकार की यह दलील कि उच्च न्यायालय के आदेश से पुलिस बल के मनोबल पर असर पड़ेगा, खारिज करते हुए कहा कि इस आशंका (मनोबल गिरने का) का कोई आधार नहीं है।

## मोदी पर अंगुली उठाने वाले भारत के विकास में अवरोधक–योगी



हाथरस/लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत, सर्वांगीण विकास ही मोदी की गारंटी है। विकसित भारत में बिना भेदभाव हर व्यक्ति, जाति–समुदाय को सम्मान व आगे बढ़ने का अवसर मिले। बेटी–व्यापारियों को समान सुरक्षा की गारंटी हो, जहां अराजकता नहीं बल्कि कानून का राज हो। जातिवाद–परिवारवाद नहीं, सबका साथ–सबका विकास हो और यही विकसित भारत की परिकल्पना का आधार है। मोदी की गारंटी को हमने जमीनी धरातल पर उतरते देखा है, इसलिए पूरे देश को 'मोदी की गारंटी' पर विश्वास है। मोदी पर अंगुली उठाने वाले भारत के विकास में अवरोधक हैं। यह विकसित भारत के मार्ग के बैरियर हैं। हमें इन बैरियर को हटाना होगा और मोदी जी के नेतृत्व में सुरक्षित व समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए कार्य करना होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को हाथरस में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार के मंत्री व हाथरस से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अनूप वाल्मीकि 'प्रधान' के लिए जनसमर्थन की अपील की।आपके पूर्वजों ने सामाजिक स्वावलंबन का उदाहरण दियामुख्यमंत्री ने कहा कि हाथरस ब्रज मंडल का प्रवेश द्वार है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2020 में आत्मनिर्भर भारत की बात कही। हाथरस, कासगंज, अलीगढ़, मुरादाबाद, आगरा, मथुरा आदि के लोगों ने सैकड़ों वर्ष पहले आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया था। जब हमने प्रदेश में प्रत्येक जनपद के उत्पाद को प्रोत्साहित करने के लिए ओडीओपी की नीति बनाई तो उसके पीछे मुरादाबाद की पीतल की कारीगरी, अलीगढ़ का हार्डवेयर, हाथरस की हींग, फिरोजाबाद का ग्लास आइटम आदि थे। हस्तशिल्प व हुनर हमारे देने का हिस्सा था। आपके पूर्वजों ने यहां आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के माध्यम से सामाजिक स्वावलंबन का उदाहरण देने का कार्य किया।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रबुद्धजन समाज को नेतृत्व देते हैं, इसलिए आपका आह्वान करने आए हैं। चुनाव की बागडोर अपने हाथों में लेकर आप यूपी के लक्ष्य के अनुरूप परिणाम देने के लिए मोदी जी को 80 सीटों की जीत की माला दे। प्रबुद्धजन समाज की मान्यता व राय को आवाज देते हैं। अपने ओपिनियन के माध्यम से मार्गदर्शन करते हैं, इसलिए आप पर जिम्मेदारी भी है। आपने बदलते हुए नए भारत का दर्शन किया है। आपने 2014 के पहले की अराजकता देखी है और उसके बाद का एक भारत–श्रेष्ठ भारत भी देखा है। यहां सुरक्षा–समृद्धि, आजीविका व आस्था का सम्मान भी देखा है। भारत का सम्मान 140 करोड़ लोगों का सम्मान है।

## संपादकीय

# शराब घोटाले का चक्रव्यूह

इस बार चुनाव प्रचार के साथ मोदी की "गारंटी" के साथ जो मुद्दा इस वक्त सबसे अधिक चर्चाओं में है वह दिल्ली का शराब घोटाला है, जिसमें आम आदमी पार्टी के सबसे बड़े नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी है। आम आदमी पार्टी के नेताओं के तमाम दावे और जेल से ही सरकार चलाने का आत्मविश्वास लगता है काम नहीं आ रहा हैं और अब रिमांड पूरी होने के बाद अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल भेज दिया गया है। यानी की अगले 15 दिन और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में बंद रहना होगा जो इस वक्त उनके एवम पार्टी के लिए काफी असहज साबित हो सकता है। आम आदमी पार्टी भले ही इसे भारतीय जनता पार्टी की साजिश बताकर अपना पक्ष रख रही है लेकिन इतना स्पष्ट हो चुका है कि आम आदमी पार्टी के बड़े नेता इस कांड में अब बुरी तरह से फंसते हुए नजर आने लगे हैं। हैरानी नहीं होनी चाहिए यदि आने वाले दिनों में कुछ और अन्य नेता भी इस शराब घोटाले कांड की भेंट न चढ़ जाए। दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा है। सीएम केजरीवाल को तिहाड़ की दो नंबर जेल में रखा जाएगा। उम्मीद की जा रही थी कि ईडी की रिमांड की अवधि समाप्त होने के बाद अरविंद केजरीवाल को शायद थोड़ी राहत मिल जाए लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। ईडी ने कोर्ट में न्यायिक हिरासत की मांग की थी। अरविंद केजरीवाल के तिहाड़ जेल जाने के बाद अब आम आदमी पार्टी के चार बड़े नेता तिहाड़ जेल में है जिनमें संजय सिंह को जेल नंबर दो से पांच में शिफ्ट किया जा चुका है, सत्येंद्र जेल नंबर सात, मनीष सिसोदिया जेल नंबर एक और के. कविता जेल नंबर छह में हैं। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और उनकी पन्द्रह दिन की न्यायिक हिरासत आम आदमी पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि जहां तक स्टार प्रचारकों की बात करें तो अरविंद केजरीवाल ही अब एक ऐसे नेता रह गए थे जो अपने दम पर आम आदमी पार्टी के लिए मजबूत माने जा रहे थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ने से आम आदमी पार्टी (आप) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में रोष है और तिहाड़ जेल के बाहर विरोध में भारी संख्या में आप कार्यकर्ता प्रदर्शन के लिए पहुंचे भी थे, लेकिन कानूनी दांव पेंचों के बीच ना तो यह प्रदर्शन काम आया और ना ही तर्क वितर्क,अदालत ने आखिरकार अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल भेज दिया। इस बात की संभावनाएं तो पहले से ही लगाई जा रही थी कि अरविंद केजरीवाल को फिलहाल आसानी से राहत मिलने वाली नहीं है, और रिमांड पूरी होने के बाद उनका जेल जाना तय है। आम आदमी पार्टी इन चुनावों में आम जनता से जुड़े बुनियादी मुद्दों को लेकर उतरने की रूपरेखा तैयार कर चुकी थी लेकिन शराब घोटाले की आंच ने पार्टी और उसके शीर्षक नेताओं को इस प्रकार से जकड़ लिया कि इसकी गिरफ्त से फिलहाल बाहर निकलना अभी तो मुश्किल ही लग रहा है।

# विकास और प्रतिष्ठा के आधार पर मतदान की संभावना

**डा. रवीन्द्र अरजरिया**

चुनावी काल की राजनैतिक सरगर्मियों के मध्य विदेशी ताकतों के व्दारा देश की आन्तरिक व्यवस्था पर टिप्पणियों का दौर प्रारम्भ हो गया है। दुनिया की व्यवस्था की स्वयंभू ठेकेदारी सम्हालने वाले भारत के स्वरूप को अपने ढंग से नियंत्रित करने का प्रयास करने लगे हैं। स्वाधीनता के बाद की इण्डिया का भारत के रूप में कायाकल्प होते ही अहंकार में डूबे हथियारों के विक्रेताओं के माथे पर बल पडने लगा है। कभी हमारी न्याय व्यवस्था को रेखांकित करने की कोशिशें होतीं हैं तो कभी आरोपियों की वकालत की जाने लगती है। जग जाहिर है कि दुनिया भर के जालसाज–भगोडों का कवच बनने वाले राष्ट्र हमेशा से ही अन्य देशों पर शिकंजा कसने के लिए दबाव बनाकर लाभ का अवसर तलाशते रहते हैं। आतंकवाद को पर्दे के पीछे से सहयोग करके संसार में अस्थिरता पैदा करने वाले हथियारों के निर्यातक देश दूसरों के कन्धों पर बंदूक रखकर गोली चलने में माहिर है। ऐसे षडयंत्रकारी भूभाग वर्तमान में भारत की नीतियों, व्यवस्था और विकास के कारण आन्तरिक रूप से व्यथित हैं। स्वाभिमान के शिखर की ओर अग्रसर होने वाले भारत में आत्मविश्वास का सूर्य चमकने लगा है। देश के साथ वैमनुष्यता रखने वालों के हाथों में कटोरे आते जा रहे हैं। वहां की अभाव भरी जिन्दगियों ने आन्तरिक विद्रोह की राह पकड ली है। चीन की चालों में फंसे कई देशों की कराह निकलने लगी है। वे दिवालिया होने होने की कगार पर पहुंच गये हैं। ऐसे में विश्वगुरु के सिंहासन की ओर बढते भारत के कदमों पर सकारात्मक राष्ट्रों व्दारा पंखुडियां बिछाने, प्रोटोकाल तोडकर वहां के राष्ट्राध्यक्षों व्दारा अगवानी करने तथा सवोच्च सम्मान देने से आतंक को संरक्षकों के सीने पर सांप लोटने लगे हैं। मुस्लिम राष्ट्रों में भी साम्प्रदायिक सौहार्द स्थापित करने की दिशा में भारत के साथ कदमताल करने के संकेत दे दिये हैं। वसुधैव कुटुम्ब कम की अवधारणा तले विश्व विरादरी जमा होने लगी है। सर्वे भवन्तु सुखिनः के अनुष्ठानिक संकल्प दोहराये जाने लगे हैं। वर्तमान भारतवर्ष का ऊर्जा चक्रविश्व संघर्षों पर पूर्णविराम लगाने लगा है। वर्तमान के लोकसभा के चुनावी काल में ही रूस और यूक्रेन जैसे राष्ट्रों ने एक साथ भारत को आमंत्रित किया है। दौनों पक्षों के विश्वास है कि भारत की पहल पर ही विश्व शान्ति सम्भव है। दूसरों के मामलों में चौधरी बनने के मंसूबे पालने वालों को मुंहतोड जवाब मिलते ही उनके सिपाहसालार मासूसी के दलदल में डूबने लगे हैं। आर्थिक अपराध, सामाजिक अपराध, संवैधानिक अपराध, मानवीय अपराध के पुराधाओं को सलाखों की सौगात मिलते ही उनके संरक्षक बौखला उठे। देश की स्वतंत्र संस्थाओं की कार्य प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह अंकित करके वे अपने कलेजे को ठंडा करने की कोशिश में हैं। संयुक्त राष्ट्र की पत्रकार

**चीन की चालों में फंसे कई देशों की कराह निकलने लगी है। वे दिवालिया होने होने की कगार पर पहुंच गये है। ऐसे में विश्वगुरु के सिंहासन की ओर बढते भारत के कदमों पर सकारात्मक राष्ट्रों व्दारा पंखुडियां बिछाने, प्रोटोकाल तोडकर वहां के राष्ट्राध्यक्षों व्दारा अगवानी करने तथा सवोच्च सम्मान देने से आतंक को संरक्षकों के सीने पर सांप लोटने लगे हैं। मुस्लिम राष्ट्रों में भी साम्प्रदायिक सौहार्द स्थापित करने की दिशा में भारत के साथ कदमताल करने के संकेत दे दिये हैं। वसुधैव कुटुम्ब कम की अवधारणा तले विश्व विरादरी जमा होने लगी है। सर्वे भवन्तु सुखिनः के अनुष्ठानिक संकल्प दोहराये जाने लगे हैं। वर्तमान भारतवर्ष का ऊर्जा चक्रविश्व संघर्षों पर पूर्णविराम लगाने लगा है। वर्तमान के लोकसभा के चुनावी काल में ही रूस और यूक्रेन जैसे राष्ट्रों ने एक साथ भारत को आमंत्रित किया है। दौनों पक्षों के विश्वास है कि भारत की पहल पर ही विश्व शान्ति सम्भव है। दूसरों के मामलों में चौधरी बनने के मंसूबे पालने वालों को मुंहतोड जवाब मिलते ही उनके सिपाहसालार मासूसी के दलदल में डूबने लगे हैं। आर्थिक अपराध, सामाजिक अपराध, संवैधानिक अपराध, मानवीय अपराध के पुराधाओं को सलाखों की सौगात मिलते ही उनके संरक्षक बौखला उठे। देश की स्वतंत्र संस्थाओं की कार्य प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह अंकित करके वे अपने कलेजे को ठंडा करने की कोशिश में हैं।**



वार्ता में भारत के आन्तरिक मुद्दों पर बंगलादेशी पत्रकार से प्रश्न उठवाने वाले एक तीर में दो निशाने करना चाहते थे। अमेरिका, जर्मनी के व्दारा भारत के आन्तरिक मुद्दों पर ज्ञान देने की श्रंखला को संयुक्त राष्ट्र संघ तक पहुंचने की कोशिश के साथ–साथ भारत–बंगलादेश की दोस्ती को संदेह के दायरे में लाने का लक्ष्य भी शामिल था। आश्चर्य होता है कि बंगलादेशी पत्रकार व्दारा किन्हीं खास कारणों से पूछे गये प्रश्न को हमारे देश के अनेक मीडिया हाउस स्वयं की सुर्खियां बनाने में जुट गये। दूसरों की सोच को समर्थन देने के पीछे की मंशा को देश हित की पहल नहीं कहा जा सकता। संस्थान विशेष का पत्रकार अपने नियुक्तकर्ता के सिध्दान्तों का अनुशरण करता है, उनकी नीतियों के अनुरूप प्रश्न करता है और वहीं प्रकाशित–प्रसारित भी करता है।

यदि कोई अन्य संस्थान उसी प्रश्न को उठाता है तो निश्चय ही उसकी सोच भी प्रश्नकर्ता की सोच से सहमत होगी। ऐसे में राष्ट्रहित, राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीयता पर ही प्रश्न चिन्ह लग जाते हैं। इन दिनों हाथों में हरा झंडा थामकर लाल सलाम करने वालों के षडयंत्र उजागर होने लगे हैं जिन्हें दबाने हेतु काले लबादा का सहारा लिया जाने लगा है। दबाव की राजनैतिक चालों से देश के वातावरण में अराजकता फैलाने के प्रयास एक बार फिर तेज कर दिये गये हैं। मीर जाफर को आदर्श मानने वाले स्वयं के हित के लिए देश की अस्मिता को सौदा करने लगे। कभी निर्वाचन आयोग पर सवालिया प्रहार होते हैं तो कभी न्यायपालिका के क्रियाकलापों को संदेह की नजरों से देखा जाता है। शिक्षा के मंदिरों में राजनैतिक अलाव जलाया जाने लगा। शिक्षा माफियों की एक बडी जमात फर्जी अंकसूचियों के आधार पर असामाजिक तत्वों को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश दिलाकर वहां के वातावरण को दूषित करने में लगी है। शिक्षा प्रदान करने वाले स्थानों में देश के टुकडे करने की कसमें दिलाई जाने लगीं हैं। राजनीति को पेशा बना चुके घरानों के स्वयंभू सुप्रीमो ऐसे लोगों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर खडे हो जाते हैं। आज हालात यहां तक पहुंच गये हैं कि जातियों के वोटों का ठेका लेने वाले लोग राजनैतिक दलों से सौदेबाजी करने में जुटे हैं। समानता का राग अलापने वाले अब जातिगत विभेद पैदा करने हेतु षडयंत्र करने में जुट गये हैं। सम्प्रदायगत भय पैदा करने वाले कट्टरवादियों व्दारा देश के विभिन्न स्थानों पर अपने गुर्गों से आतंक फैलाने की कोशिशें कर रहे हैं। कहीं आईएसआईएस से धमकी दिलाई जा रही है तो कहीं आईएसआई के समर्थकों की चुनौतियां सामने आ रहीं हैं। रमजान के महीने में भी निरीहों के खून की होली खेलने वाले अब अल्लाह के पैगाम पर मुल्लाओं के तर्जुमा को यकीनी मानकर जन्नत की हूरों के सपने देखने लगे हैं। तर्जुमा करने वालों की संतानें खुशहाल देशों में अय्यासी भरी जिन्दगी जी रहीं हैं। सुरक्षा के सात तालों में बंद होकर रहने वाले खुराफाती लोग ही दूसरों की औलादों को खुदा के नाम पर खुदकशी करने के लिए उकसा रहे हैं। दीन की तालीम के नाम पर अनेक संस्थानों में जेहाद की पढाई चल रही है। लोकसभा चुनाव में झूठी अफवाहों, मनगढन्त घटनाओं और उत्तेजनात्मक सामग्री परोसी जा रही है। वाट्सएप जैसे अनगिनत प्लेटफार्म निरंकुश होकर देश की गंगा–जमुनी संस्कृति को रेगस्तान बनाने पर तुले हैं। निजी समूहों के नाम पर बनाये जाने वाले अनेक ग्रुप में उत्तेजनात्मक सामग्री उडेली जा रही है। कानून की धज्जियां उडाने वाले कट्टरपंथियों के ग्रुप पर काले कोटवालों की दलीलें हावी हो जातीं हैं और काजल की कोठरी के निर्माण करने वाले ग्रुप के एडमिन न्यायालय की चौखट से बेदाग बच निकलते हैं। संविधान का यही लचीलापन राष्ट्रदोहियों के लिए कवच का काम करता है। धर्म के नाम पर बनाये गये अनेक संगठनों की शक्ति का उपयोग समाज हित में न होकर कट्टरता के नाम पर जुल्म करने के लिए हो रहा है। बचपन से ही कट्टरता का पाठ पढाने वालों को देश के ईमानदार नागरिकों के खून–पसीने की कमाई से पाला जा रहा है। इसे नस्तनाबूत करने के लिए नागरिकों के मन में राष्ट्रीयता की भावना का प्रादुर्भाव नितांत आवश्यक है। वर्तमान हालातों को देखते हुए इस बार के लोकसभा चुनावों में विकास और प्रतिष्ठा के आधार पर मतदान की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# ईमानदारी पर सिर्फ हमारी ठेकेदारी

**विभांशु दिव्याल**

राष्ट्रीय राजनीति में दे दनादन चौके–छक्के मारकर तुरत–फुरत बड़ा स्कोर जुटाती हुई, देश के अनेक राज्यों में अपने मजबूत पांव फैलाती हुई और चारों तरफ मोदी विरोध का डंका बजाती हुई, आम आदमी पार्टी के कट्टर ईमानदार और पार्टी के पितृपुरुष सर्वेसर्वा ईमानी नेता को लेकर भाजपा सरकार के परम पुनीत प्रवर्तन निदेशालय ने अंततः अपना मनचाहा संकल्प पूरा किया और भाई को सलाखों के पीछे पहुंचाकर ही दम लिया।

एक तरफ कट्टर ईमानदार सरकारी प्रधान, दूसरी तरफ कट्टर ईमानदार आम पार्टी का ईमानी नेता। दो कट्टर ईमानदारों के बीच जानमारू प्रतिद्वंद्विता के उग्र स्वरूप को देखकर हमारे झल्लन का दिल भर आया और वह अपनी सहानुभूति का टोकरा लेकर फिल्मी तर्ज पर भूतिया वेश में ईमानी नेता को कैद में रखने वाली सलाखों के निकट चला आया। उसने अपनी आवाज में दर्द पिरोया, आंखों को आंसुओं से धोया, फिर बोला–हम अपनी पूरी हमदर्दी लेकर आये हैं और आपके लिए दो–चार ठो सवाल भी लाये हैं। तो भाईजान, आप पहले व्यक्ति हैं जो मुख्यमंत्री के पद को भी अपने साथ जेल में ले आये हैं, इसके लिए आपको बधाई कि आप एक नया विश्व कीर्तिमान बनाए हैं। अब आगे आपकी रणनीति क्या होगी, आप बाहर आएंगे या यहीं रहकर अपना चुनाव अभियान चलाएंगे? अब यहां आपको कैसी अनुभूति हो रही है, कहीं आपकी हिम्मत तो जवाब नहीं दे रही है?ईमानी नेता–तुमने पूछा हिम्मत के बारे में, तो हमारा सीना भले 56 इंच का न हो लेकिन फौलाद का सीना है जो कभी हिम्मत नहीं हारता है, और जो हमें डराने की कोशिश करता है उसे ही डरा डालता है। मौजूदा सत्ता हमसे डर गयी है, उसे लगता है कि हम आ जाएंगे तो उनकी सरकार और उनकी पार्टी को खा जाएंगे। सो उन्होंने षडय़ंत्र का चक्रव्यूह रचवाया है, हमें जेल भिजवाया है।

झल्लन–मतलब यह कि जो शराब घोटाला सामने आया है, जिसने इतना उत्पात मचाया है वो आपके हिसाब से हुआ ही नहीं, सब दारू में डूब गये मगर किसी ने दारू को छुआ नहीं?

ईमानी नेता–जाहिर है सब खेल हमें परेशान करने के लिए रचाया गया है, हमारे नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर जेल में डलवाया गया है।झल्लन–अच्छा, जब आप आरोप लगाते थे, भ्रष्ट और चोर नेताओं की सूची बनाकर मंच से सुनाते थे, उन्हें बार–बार जेल का हकदार बताते थे, तो तब उन पर आप किस आधार पर आरोप लगाते थे, किस बिना पर उन्हें चोर–भ्रष्टाचारी बताते थे?ईमानी नेता–उनके कारनामे तो एजेंसियां उजागर करती थीं, हमें बताती थीं।

झल्लन–यानी जब औरों पर एजेंसियां आरोप लगाएं तो वे सही होती हैं पर जब आपको आरोपित ठहराएं तो वे गलत और षडय़ंत्रकारी होती हैं। खैर, अच्छी बात है कि आप अपने सही और न्यायनिष्ठ होने का फैसला स्वयं अपने हक में कर लेते हैं इसलिए किसी भी एजेंसी के सम्मन को दरकिनार कर देते हैं। लेकिन यह बताइए कि जिस कांग्रेस के भ्रष्ट नेताओं की आप सूची जारी किया करते थे और जिस कांग्रेस के नेता कुछ समय पहले तक आपको शराब घोटाले का सूत्रधार बताया करते थे, आपकी गिरफ्तारी की मांग किया करते थे, आप उसी कांग्रेस से हाथ मिला रहे हैं और अपनी जेल मुक्ति के लिए उसी से करुण गुहार लगा रहे हैं। क्या आपका जमीर आपको कोंचता नहीं है, आपसे कुछ पूछता नहीं है?

ईमानी नेता–हम कट्टर देशभक्त हैं, देश बचाना चाहते हैं, देश का संविधान बचाना चाहते हैं, अपने देश के लिए हम जमीर की कुर्बानी दे सकते हैं और संविधान बचाने के लिए कांग्रेस तो क्या, भ्रष्ट से भ्रष्ट व्यक्ति का भी साथ ले सकते हैं।

झल्लन–तो आप कह रहे हैं कि भ्रष्ट लोगों से हाथ मिलाए बिना आप संविधान नहीं बचा सकते, या कहना चाहते हैं कि बिना उनके आप सत्ताधारी पार्टी को नहीं हरा सकते? या बिना इस भ्रष्ट कुनबे के आगे दंडवत किये आप अपनी महत्वाकांक्षानुसार प्रधानमंत्री पद की दौड़ में आगे नहीं आ सकते?ईमानी नेता–ये सारे आरोप गलत हैं, हम संविधान बचाने आये थे, सो संविधान को हर हाल में बचाएंगे। संविधान बचाने में पूरी ईमानदारी दिखाएंगे और ईमानदारी पर अपनी ठेकेदारी किसी भी सूरत में नहीं हटाएंगे।झल्लन–चलिए ठीक है, न खाता न बही जो आप कहें वही सही। पर ये तो बताइए, जब आप जेल आ रहे थे तो आपके मन में क्या खयाल आ रहे थे? आपने क्यों नहीं सोचा कि परंपरानुसार पद से इस्तीफा दे देते और नैतिकता के पालन का थोड़ा श्रेय ले लेते?ईमानी नेता–सुनो मियां झल्लन, जिस नैतिकता की तुम बात कर रहे हो वह प्रजाति अब विलुप्त है, राजनीति के कब्रगाह में सुप्त है। अब जो हम सोचें, जो हम कहें, जो हम करें वही नैतिक होता है इसके अलावा जो भी कुछ होता है वह अनैतिक होता है। कोई कुछ भी कहे हम किसी के झांसे में नहीं आएंगे, हम जेल में हैं तो जेल से ही प्रचार करेंगे और जेल से ही अपनी सरकार चलाएंगे, और अब अगली बातें अगले इंटरव्यू में बताएंगे।

# फिल्म क्रूने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर भरी ऊंची उड़ान, पहले ही दिन कर डाली सॉलिड कमाई

एकता कपूर की फिल्म क्रू को लेकर पिछले काफी समय से दर्शकों के बीच उत्साह देखने को मिल रहा था। बीते शुक्रवार यानी 29 मार्च को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई।इस फिल्म में करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू पहली बार साथ नजर आ रही हैं और तीनों की शानदार जुगलबंदी उनके प्रशंसकों के साथ–साथ फिल्म समीक्षकों को भी खूब भा रही है।अब इस फिल्म के पहले दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म ने पहले दिन 8.75 करोड़ रुपये की शानदार कमाई के साथ अपना खाता खोला है। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं और आधिकारिक आंकड़े सामने आने के बाद उनमें थोड़ा बहुत फेरबदल हो सकता है।इस फिल्म का बजट लगभग 50 करोड़ है। ट्रेड पंडितों की मानें तो वीकेंड यानी शनिवार और रविवार को फिल्म की कमाई में और उछाल देखने को मिल सकता है।क्रू की कहानी 3 एयर होस्टेस गीता सेठी (तब्बू), जैस्मीन कोहली (करीना) और दिव्या राणा



(कृति) के इर्द–गिर्द घूमती है।ये तीनों जिस एयरलाइंस में काम करती है, वो दिवालिया हो जाती है। तीनों को 6 महीने से सैलरी नहीं मिलती और फिर उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है।इसके बाद तीनों मजबूर होकर गलत काम में अपना हाथ आजमाने का फैसला करती है और यहीं से इस फिल्म की कहानी एक नया मोड़ लेती है।रणदीप हुड्डा की फिल्म फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर भी इन दिनों सिनेमाघरों में लगी है। वो बात अलग है कि फिल्म पहले ही दिन से टिकट खिडक़ी पर कछुए की चाल चल रही है।22 मार्च को रिलीज हुई यह फिल्म अब तक भारत में 11.35 करोड़ रुपये का कारोबार कर चुकी है।उधर कुणाल खेमू की फिल्म मडगांव एक्सप्रेस भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई। इसने अब तक 14.4 करोड़ रुपये की कमाई की है।अजय देवगन और आर माधवन की हॉरर थ्रिलर फिल्म शैतान इस साल की अब तक की शानदार कमाई करने वाली फिल्मों की सूची में शुमार हो चुकी है। सैकनिल्क के मुताबिक, शैतान ने 22वें दिन यानी बीते शुक्रवार को 1.20 करोड़ की कमाई की है। कुल मिलाकर यह 135.35 करोड़ रुपये कमा चुकी है। उधर योद्धा दूसरे शुक्रवार को यानी 15वें दिन महज 25 लाख पर सिमट गई। इसके बाद फिल्म का कुल कलेक्शन 33.45 करोड़ तक पहुंच गया है।

## धोनी की पारी पर फिदा हुआ पूर्व भारतीय कप्तान

नई दिल्ली। एमएस धोनी ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ विशाखापट्टनम में तूफानी पारी खेली, जिसे देखकर कृष श्रीकांत माही के दीवाने हो गए। चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम 20 रन से मैच हार गई, लेकिन धोनी की पारी ने मैच के नतीजे को बेफिक्र बनाते हुए फैंस को अपने खेल का दीवाना बना दिया। पता हो मौजूदा आईपीएल में एमएस धोनी पहली बार बैटिंग करने उतरे थे।हालांकि, एमएस धोनी ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि वो लंबे समय से क्रिकेट एक्शन से दूर हैं और केवल 16 गेंदों में चार चौके व तीन छक्के की मदद से नाबाद 37 रन बनाए। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि सीएसके के पूर्व कप्तान की पारी देखकर उनके पास शब्द खत्म हो गए हैं।

**कृष श्रीकांत ने क्या कहा**

मुझे नहीं पता कि इसे कैसे अभिव्यक्त करूं। एक तरफ एमएस धोनी का फैन होने के नाते मैं बहुत खुश हूं।

## टूट गया 37 साल पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड, चार्ली डीन ने एक पारी के अंतर से पलट दी रिकॉर्ड बुक

नई दिल्ली। इंग्लैंड की चार्ली डीन ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया है। डीन महिला वनडे इतिहास में सबसे तेज 50 विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। चार्ली डीन इंग्लैंड की तरफ से सबसे तेज 50 विकेट लेने वाली गेंदबाज भी बनीं।

चार्ली डीन ने ऑस्ट्रेलिया की बाएं हाथ की स्पिनर लिन फुलस्टोन का 37 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। वो ऐसे कि डीन ने 26वीं पारी में 50 विकेट पूरे किए। इससे पहले यह रॉिर्ड फुलस्टोन के नाम दर्ज था, जिन्होंने 27 पारियों में 50 विकेट पूरे किए थे।

डीन की शानदार गेंदबाजी

डीन ने नया रिकॉर्ड सोमवार को वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में स्थापित किया। डीन ने न्यूजीलैंड की ब्रूक हालीडे को अपना 50वां शिकार बनाया। ऑफ स्पिनर ने



इसके अलावा डीन ने सूजी बेट्स और ला ताहूहू के विकेट भी लिए। डीन का गेंदबाजी स्पेल 9 ओवर में 57 रन देकर तीन विकेट लेना रहा। डीन के शानदार गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 48.2 ओवर में 207 रन पर ऑलआउट किया।

डीन का बल्ले से भी बेहतरीन प्रदर्शन

23 साल की चार्ली डीन ने गेंदबाजी के अलावा बल्ले से भी काफी प्रभावित किया। उन्होंने 70 गेंदों में एक चौके की मदद से नाबाद 42 रन बनाए, जिसकी मदद से मेहमान टीम ने 8.4 ओवर शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज की। इंग्लैंड की टीम एक समय 79 रन पर छह विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। तब डीन ने एमी जोंस के साथ सातवें विकेट के लिए 130 रन की अविजति साझेदारी की।

## आदुजीवितमः द गोट लाइफ ने जमाया थिएटर्स पर कब्जा, दो दिन में 14 करोड़ के पार हुई फिल्म

पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर आदुजीविथमः द गोट लाइफ का दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे थे. फिल्म के ट्रेलर ने फैंस को एक्साइटेड कर दिया था और 28 मार्च को आखिरकार फिल्म की रिलीज के साथ ये एक्साइटमेंट खत्म हुई. फिल्म आदुजीविथमः द गोट लाइफ को ऑडियंस का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी काफी अच्छा परफॉर्म कर रही है.

सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक आदुजीविथमः द गोट लाइफ ने पहले दिन 7.6 करोड़ रुपए की कमाई के साथ ओपनिंग की. वहीं अब दूसरे दिन फिल्म ने करोड़ों का कलेक्शन किया है. रिपोर्ट के मुताबिक आदुजीविथमः द गोट लाइफ ने दूसरे दिन 6.50 करोड़ रुपए कमाए है. वर्किंग डेज होने के बावजूद फिल्म ने दो दिनों में 14 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर लिया है.

आदुजीविथमः द गोट लाइफ ने दो दिन में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल 14.10 करोड़ रुपए का कारोबार किया है. इसी कलेक्शन के साथ फिल्म इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म बन गई है. कमाई के मामले में आदुजीविथमः द गोट लाइफ ने मंजुम्मेल बॉयज को भी पछाड़ दिया है, जिसने दो दिनों में कुल 7.7 करोड़ रुपए कमाए थे.

ब्लेसी के डायरेक्शन में बनी फिल्म आदुजीविथमः द गोट लाइफ को 5 भाषाओं, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज किया गया है. फिल्म में जिमी जीन–लुई, पृथ्वीराज सुकुमारन, अमला पॉल और शोभा मोहन अहम किरदार में नजर आए हैं वहीं एआर रहमान ने म्यूजिक कंपोज किया है.

आदुजीविथमः द गोट लाइफ की कहानी की बात करें तो यह इसी नाम के एक नॉवेल पर बेस्ड है जिसे बेन्यामिन ने लिखा है.

## दिलजीत दोझांस और परिणीति चोपड़ा की फिल्म चमकीला के एक साथ सारे गाने हुए रिलीज

इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म अमर सिंह चमकीला पिछले लंबे वक्त से चर्चा में है। यह फिल्म पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक है।इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की जोड़ी बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।बीते दिन यानी 28 मार्च को अमर सिंह चमकीला का ट्रेलर जारी किया था, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला।अब निर्माताओं ने एक साथ फिल्म के सारे गाने रिलीज कर दिए हैं। अमर सिंह चमकीला में कुल 6 गाने होंगे, जिनमें इश्क मिटाया (मोहित चौहान), नरम कलजा (अलका याग्निक, ऋचा शर्मा, पूजा तिवारी और याशिका सिक्का), तू क्या जाने (यशिका सिक्का), बजा (मोहित चौहान, रोमी, सूर्यांश और इंद्रप्रीत सिंह), बोल मोहब्बत (ए.आर. रहमान और कैलाश खेर ) और विदा करो (अरिजीत सिंह और जोनिता गांधी) शामिल हैं।

## टी—20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम, ऋषभ पंत को दी जगह, ईशान—अय्यर को दिखाया बाहर का रास्ता

नई दिल्ली। टी–20 वर्ल्ड कप 2024 का खुमार चढ़ने लगा है। इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन के तुरंत बाद ही अमेरिका और वेस्टइंडीज की धरती पर फटाफट क्रिकेट का विश्व कप खेला जाना है। वर्ल्ड कप के लिए टीम का एलान इसी महीने होना है और सेलेक्टर्स आईपीएल में हर खिलाड़ी के प्रदर्शन पर निगाहें बनाए हुए हैं। इस बीच, भारत के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने विश्व कप के लिए भारतीय टीम के स्क्वाड का चुनाव किया है। पठान ने विराट कोहली को तो जगह दी है, लेकिन दो स्टार प्लेयर को टीम में शामिल नहीं किया है।



पठान ने चुनी वर्ल्ड कप कप की टीम

इरफान पठान ने ईसपीएन क्रिकेट इंफो के साथ बातचीत करते हुए टी–20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का चुनाव किया। पठान ने अपनी टीम में बतौर बल्लेबाज रोहित शर्मा, विराट कोहली, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव और रिंकू सिंह को जगह दी है। विराट इस मेगा इवेंट में भारतीय का हिस्सा होंगे या नहीं, यह बड़ा सवाल है। हालांकि, इरफान ने अपनी टीम में कोहली को जरूर जगह दी है।

इन दो ऑलराउंडर पर इरफान ने खेला है दांव

ऑलराउंडर के तौर पर भारत के पूर्व क्रिकेटर ने हार्दिक पांड्या और रविंद्र जडेजा को अपनी टीम में जगह दी है। हार्दिक बल्ले से योगदान देने के साथ–साथ तेज गेंदबाज की भूमिका भी निभा सकते हैं। वहीं, जडेजा क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में काफी कारगर खिलाड़ी माने जाते हैं।

# एवन फुटबाल क्लब बना हाई स्कूल हीरोज लीग कप का चैंपियन



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : स्वर्गीय सुनीत बिष्ट की स्मृति में आयोजित हाई स्कूल हीरोज फुटबॉल लीग कप का खिताब एवन फुटबाल क्लब ने जीता। मुख्य अतिथि सुनील रावत एवं विशिष्ट अतिथि गिरिराज सिंह रावत द्वारा विजेता टीम को मेडल एवं ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया।सोमवार को चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला एवन फुटबॉल क्लब भाबर एवं आरपी फुटबॉल अकेडमी तेलीपारा के मध्य खेला गया। मैंच का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सुनील रावत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। निर्धारित समय तक खेल 0-0 की बराबरी पर रहा। अतिरिक्त समय के खेल के बाद फैसला टाई ब्रेकर के द्वारा निर्धारित हुआ। जिसमें सडन डेथ में एवन फुटबॉल क्लब ने 6-5 से जीतकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल दागने वाले खिलाड़ी अर्पित को गोल्डन बूट, ओम रावत को गोल्डन हॉल, आदित्य तिवारी को गोल्डन ग्लब एवं कार्तिक रावत को उदीयमान खिलाड़ी के रूप में फुटबॉल कोच महेंद्र रावत ने पुरस्कृत किया गया। सुरदीप गोसाई, गोपाल जसोला द्वारा उपविजेता टीम को मेडल व ट्राफी प्रदान की गई।

## छात्रों को आगे बढ़ाने में अभिभावकों का सहयोग जरूरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए छात्र-अभिभावक व शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

स्कूल में आयोजित बैठक में स्कूल के प्रधानाचार्य अनसुया प्रसाद सुंद्रियाल ने बताया कि यहां पर जो छात्रों की दिनचर्या है उस पर विशेष ध्यान दिया जाता है, छात्रों को आगे बढ़ाने में सभी अभिभावकों का सहयोग अनिवार्य है। छात्रों के चहुमुखी विकास के उद्देश्य से हर साल दो बार ये बैठक आयोजित की जाती है।

वरिष्ठ अध्यापक नवीन जुयाल ने कहा कि छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। शिक्षक नवीन ममगांई ने छात्रों के विकास में कमियों को दूर करने पर चर्चा की। बैठक में अनूप कुकरेती, ईशान डोभाल, कमलदीप, नीरज, आशीश डबराल, अंकित मैठाणी आदि शामिल रहे।

# इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सफल सम्पादन हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक पीयूष समारिया सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भारत निर्वाचन आयोग के ईएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया।

जिला कार्यालय सभागार में आयोजित रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया सम्बंधी बैठक में कुल 1604 बैलेट यूनिट, 1604 कंट्रोल यूनिट तथा 1627 वीवीपैट रेण्डमाईजेशन किया गया। इसके उपरान्त रेंडमाइज की गयी ईवीएम की सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी गयी। गौरतलब हो कि प्रथम रेण्डमाईजेशन में ईवीएम को विधानसभावार रेंडमाइज किया गया था, जबकि दूसरे रेण्डमाईजेशन में ईवीएम को पोलिंग बूथों के लिए रेंडमाइज किया गया। इससे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान व प्रेक्षक पीयूष समारिया की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। रेण्डमाईजेशन में 1305 पीठासीन अधिकारी, 1305 मतदान अधिकारी प्रथम, 1350 मतदान अधिकारी द्वितीय व 1364 मतदान अधिकारी तृतीय को शामिल किया गया। इस दौरान अपर जिला अधिकारी ईला गिरी, डीआईओ एनआईसी अभिषेक श्रीवास्तव, ईवीएम नोडल शिवा, पीपीआई पार्टी प्रत्याशी सुरेशी देवी, निर्दलीय प्रत्याशी सोनू कुमार, बसपा प्रत्याशी धीर सिंह सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों फतेह सिंह गुसाई, राजेन्द्र सिंह राणा, त्रिलोक सिंह नेगी आदि उपस्थित थे।

# स्वाणी फुलारी प्रतियोगिता में वैष्णवी ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल : फूलदेई संचालन समिति श्रीनगर के तत्वावधान में आयोजित बाल पर्व फूलदेई, फूल संग्राद महोत्सव गायन और युगल नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर व्यापार सभा अध्यक्ष श्रीकोट नरेश नौटियाल की माता स्व. चेतन नौटियाल की स्मृति में आयोजित गायन प्रतियोगिता में कॉन्वेंट स्कूल ने प्रथम, शेम्फोर्ड पब्लिक स्कूल ने द्वितीय, रेनबो पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।रोटरी क्लब के प्रदीप मल्ल की माता स्व. राजेंद्री राजकुमारी मल्ल की स्मृति में हुई युगल नृत्य प्रतियोगिता में कॉवेन्ट स्कूल प्रथम, चिल्ड्रन अकादमी ने द्वितीय और शेम्फोर्ड स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शिक्षक महेश गिरी ने अपनी माता स्व. भागीरथ देवी की स्मृति में कराई स्वाणी फुलारी प्रतियोगिता में मार्शल पब्लिक स्कूल की वैष्णवी ने प्रथम, भगवती मेमोरियल की आराध्या ने द्वितीय, आनंदा इंटरनेशन स्कूल की अक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वीडियोग्राफी प्रतियोगिता में आदित्य प्रथम, भानेश असवाल ने द्वितीय और अजय सेमवाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। सतीश बलूनी द्वारा अपने भाई स्व. लोकेश बलूनी की स्मृति में कराई गयी फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विनीत पोस्ती प्रथम रहे। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किये गये। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति मोहन काला ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम होते रहने से बच्चों को मंच प्रदान होगा और अपनी संस्कृति को बढ़ाने में योगदान मिलेगा। कार्यक्रम में सुधीर डंगवाल, प्रिया ठक्कर, श्रुति रतूड़ी और ऋषि कुमार उपस्थित निर्णायक की भूमिका में रहे। मंच का संचालन सरिता उनियाल, मुकेश काला और सीमा भंडारी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर राजेंद्र बिष्ट, गिरीश पैन्यूली, जितेंद्र रावत, वासुदेव कंडारी, आयोजक फूलदेई संचालन समिति के अध्यक्ष अनूप बहुगुणा, वीरेंद्र रतूड़ी, दुर्गेश भट्ट, दिनेश असवाल, महेश गिरी, प्रदीप अंतवाल, सतीश बलूनी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## 18 बोतल शराब के साथ एक पकड़ा

श्रीनगर गढ़वाल : पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान 18 बोतल अवैध शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी कीर्तिनगर देवराज शर्मा ने बताया कि कीर्तिनगर के पास जुयालगढ़ पर चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने स्कूटी सवार युवक से 18 बोतलें अवैध शराब की बरामद की।

## नहीं थम रहा हाथियों का आतंक, रामपुर में रौंदी फसल

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** लैंसडौन वन प्रभाग के अंतर्गत कोटड़ी रेंज से सटे गांवों में जंगली जानवरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। जगंली जानवर फसलों को बर्बाद कर रहे है। रविवार देर रात करीब डेढ़ बजे छः हाथियों का एक झुंड रामपुर के काश्तकारों के खेतों में घुस आया। हाथियों ने काश्तकारों की सारी फसल को तहस-नहस कर दिया। काश्तकारों ने वन विभाग से हाथियों को रोकने के लिए सुरक्षा दीवार बनाने की मांग उठाई है। रविवार रात को हाथियों ने काश्तकारों की खेती को तहस नहस कर दिया।

काश्तकार सुदर्शन कोटनाला ने बताया कि उन्होंने रात हाथियों के झुंड को भगाने का प्रयास किया, लेकिन हाथी उनके पीछे ही दौड़ पड़े, किसी तरह उन्होंने अपनी जान बचाई। काश्तकारों का कहना है कि हाथियों को खेत से भगाने के तमाम प्रयास नाकाम साबित हो रहे हैं। इतना ही नहीं खेतों से खदेड़ने पर हाथी आक्रामक रुख भी अपना रहे हैं, जिससे लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। काश्तकार मोहन सिंह रावत, कृष्णा कोटनाला, बालम सिंह ने बताया कि वर्तमान में खेतों में गेहूं की फसल पक कर तैयार है, लेकिन जंगली हाथियों का झुंड ने उनकी मेहनत पर पानी फेर रहा है। भगाने पर हाथी उल्टा उनकी ओर दौड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग से कई बाद निवेदन कर चुके हैं कि हाथी सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया जाये, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है।

## सेवानिवृत्त पर प्रधानाचार्य को दी विदाई

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** भाबर क्षेत्र के पदमपुर मोटाढ़ाक स्थित रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य पद पर तैनात कुंज बिहारी भट्ट 42 वर्ष की सेवा करने के उपरांत सेवानिवृत्त हो गये हैं। उनकी सेवानिवृत्ति पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उनको विदाई दी गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में निवर्तमान पार्षद कुलदीप सिंह रावत व सौरभ नौटियाल, निर्मल केमनी, मनोज कुकरेती, चंदन नकोटी, प्रदीप नौटियाल आदि मौजूद रहे।

# पांच पेटी शराब के साथ दो गिरफ्तार



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कोतवाली पौड़ी पुलिस ने पाटीसैंण क्षेत्र से स्कूटी सवार से तीन पेटी अवैध शराब की बरामद की है। वहीं सतपुली में पुलिस ने एक व्यक्ति को दो पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कोतवाल एनके भट्ट ने बताया कि पाटीसैंण पुलिस ने चेकिंग के दौरान नितिन कुमार को पाटीसैंण क्षेत्र से स्कूटी में 3 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा। वहीं, सतपुली में भी पुलिस ने चेकिंग के दौरान अंकित सिंह नेगी को 2 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा। बताया कि संबंधित वाहन को भी सीज कर दिया गया है। एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस टीम में प्रभारी चौकी पाटीसैंण मुकेश गैरोला, कांस्टेबल धीरज सिंह, अनिल कुमार आदि शामिल थे।

## धूमधाम से मनाया जाएगा स्थापना दिवस

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : गौरव सैनिक पैराशूट रेजिमेंट विशेष बल की ओर से आगामी 15 अप्रैल को बल का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर स्थानीय बारातघर के सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में वीर नारियों को सम्मानित करने सहित गौरव सैनिकों की समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी संगठन अध्यक्ष गजराज सिंह नेगी ने दी।

## अंजू कोटियाल ने प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण किया

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** इंटर कॉलेज परसुंडाखाल के प्रधानाचार्य मदन मोहन नौटियाल को सेवानिवृत होने पर भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्ति के बाद समाजशास्त्र की प्रवक्ता अंजू कोटियाल द्वारा प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण किया गया। अंजू कोटियाल ने कहा कि छात्रहित में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किया जाएगा। इस मौके पर शिक्षिका अनीता रावत, लक्ष्मण सिंह, शिखा, रेखा, चंद्रपाल, शैलेंद्र, जयदेव, वंदना, विनोद, भोला सिंह रावत, दिलीप सिंह रावत आदि शामिल रहे।

## यातिका नवोदय विद्यालय के लिए चयनित

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** सरस्वती शिशु मंदिर खिर्सू की 5वीं कक्षा की छात्रा और टॉपर यातिका बिष्ट का चयन नवोदय विद्यालय खैरासैंण के लिए हुआ है। यातिका के चयन से स्कूल के साथ ही छात्रा के परिवार में खुशी बनी हुई है। प्रधानाचार्य जनार्द्धन प्रसाद डबराल ने बताया कि यातिका शुरू से ही स्कूल की होनहार छात्रा रही हैं। यातिका के चयन पर शिक्षक ठाकुर सिंह, राजेंद्र सिंह आदि ने खुशी जताई है।

## मतदाता जागरूकता पर 10 को होंगे कार्यक्रम

चमोली : राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा देहरादून द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता विषय में वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संयुक्त निदेशक प्रो. एनएस उनियाल द्वारा समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को मतदान करने और आसपास के गामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क करने को कहा। लोगों को मतदान हेतु जागरूक करने पर बल देते हुए 10 अप्रैल को इस संबंधी प्रस्तावित भव्य जागरूकता कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस बैठक में प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह, ईएलसी प्रभारी डॉ. ललित जोशी, एनएसएस प्रभारी रजनीश कुमार, रोवर्स प्रभारी डॉ. नीतू पाण्डे,डॉ. सुनीता भंडारी सहित सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## सड़क दुर्घटना की मजिस्ट्रेटी जांच में जानकारी दें

चमोली : तहसील थराली के नलगांव कफोली मोटर मार्ग पर 15 मार्च को लगभग 12 बजे एक मैक्स वाहन संख्या यूके 11 टीए 0630 सड़क से नीचे गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में चालक सहित 14 व्यक्ति सवार थे। जिसमें एक व्यक्ति रघुवीर सिंह ग्राम कफोली की घटनास्थल पर मृत्यु हो गयी थी। जिला मजिस्ट्रेट हिमांशु खुराना के आदेशों के क्रम में इस दुर्घटना की मजिस्ट्रेटी जांच उप जिला मजिस्ट्रेट थराली द्वारा की जा रही है। जांच अधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट अबरार अहमद ने बताया कि उक्त दुर्घटना के विषय में कोई व्यक्ति साक्ष्य/जानकारी देना चाहता हो वह स्वयं उपस्थित होकर, डाक या शपथ पत्र के माध्यम से 7 के दिन के अन्दर उनके कार्यालय में दे सकते हैं। (एजेंसी)

## एग्जिट पोल पर लगी रोक, निर्वाचन आयोग की रहेगी नजर

चमोली : भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 और इसके साथ ही कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव एवं उप चुनाव के मध्येनजर 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) की सुबह सात बजे से एक जून 2024 (शनिवार) की शाम 6.30 बजे तक के लिए एग्जिट पोल पर रोक लगा दी है। इस अवधि में सभी लोकसभा क्षेत्रों में एग्जिट पोल के नतीजों का प्रकाशन एवं प्रसारण प्रतिबंधित रहेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि एग्जिट पोल करना और एग्जिट पोल के परिणामों को समाचार पत्रों में प्रकाशित या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रसारित करना या किसी अन्य तरीके से प्रचार-प्रसार करना पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। (एजेंसी)

## अमन मिस्टर ऊर्जा और चंचल बनी मिस ऊर्जा

चमोली : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर संस्थान का तीन दिवसीय वार्षिक युवा महोत्सव ऊर्जा-2024 का सोमवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा छात्र-छात्राएं सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान अर्जित कर विश्व पटल पर उभरती मांग के अनुरूप स्वयं को दक्ष करें।

# तीन पीढ़ियों ने एक साथ, एक मंच पर मनाया वसंतोत्सव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : कला मंच तिलवाड़ा द्वारा बच्चों के फुलदेई त्योहार के दौरान हर घर की देहरी पर फूल डालने के दौरान के क्रिया कलापों को लेकर बच्चों के बीच वसंतोत्सव नाम से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने फुलारियों की वेशभूषा में फूलदेई के गीतों के बीच शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये। कार्यक्रम की संयोजक शिक्षिका विमला राणा ने बताया कि सांस्कृतिक कला मंच तिलवाड़ा के बैनर तले तिलवाड़ा, गीड़ भूतेर, सौड़, सुमाड़ी, रामपुर, छतौली, मैठाणा गांवों की महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप मनाने की परम्परा के माध्यम से अपने तीज त्योहारों व रीति रिवाजों को बच्चों व भावी पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास के क्रम में ऐसे आयोजन किये जा रहे हैं।

श्रीमती राणा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लोक नृत्य वर्ग में महादेव कीर्तन मंडली की महिलाएं प्रथम, कन्हैया कीर्तन मंडली की महिलाएं द्वितीय तथा सिंगलास कीर्तन मण्डली ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम की विशेषता यह थी कि बच्चे, बच्चों की माँ व बच्चों की दादी /नानी के रूप में तीन पीढ़ियां एक ही कार्यक्रम में, एक ही मंच पर अपनी अपनी प्रस्तुतियां दे रही थी। जहां तीसरी पीढ़ी की नन्ही बालिकाओं द्वारा अपनी फूलदेई की परम्परागत पोषाक में फूलदेई के गीतों के साथ अतिथियों के स्वागत में गीत गाया तो वहीं दुर्गा कीर्तन मण्डली की प्रतिभागियों के रूप में बच्चों की माताओं ने (दूसरी पीढ़ी) ने अपनी प्रस्तुतियां दी तो वहीं पहली पीढ़ी दादी/नानी के रूप में महिलाओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए नन्हे मुन्नों का फूल-मालाओं से स्वागत करने के साथ ही आमन्त्रित अतिथियों का स्वागत सत्कार करते हुए अभिनंदन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए केदार घाटी मण्डाण सांस्कृतिक समूह के संस्थापक आचार्य कृष्णानंद नौटियाल ने कहा कि माता बच्चे की प्रथम शिक्षिका होती है, इस कार्यक्रम में बच्चों में अपनी माताओं द्वारा



जनित संस्कारों का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत कर, इस बात को पुनः सही साबित कर एक सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र रौथाण ने कार्यक्रम में फ्योंलि और राजकुमार की कहानी सुनाकर बच्चों को इस वसंतोत्सव फूलदेई पर्व की महत्ता बताकर मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के समय दुर्गा कीर्तन मण्डली द्वारा जागर शैली में गणेश वंदना गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों के बीच शैक्षिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत चित्रकला, स्लोगन भाषण प्रतियोगिता भी करवाई गई। चित्रकला प्राथमिक वर्ग में वंशिका ने प्रथम, रियांश द्वितीय व सांची ने तृतीय स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग में काव्या सेमवाल प्रथम, प्लाक्षा सकलानी द्वितीय और ओम भण्डारी ने तृतीय स्थान पाया। स्लोगन के प्राथमिक वर्ग में आरुषि, आदित्य तथा दिया ने क्रमशः पहले तीन स्थान प्राप्त किये। जूनियर स्लोगन प्रतियोगिता में अनुष्का पुरी प्रथम, स्नेहा सेमवाल द्वितीय और प्लाक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में आकृति प्रथम, वैभव रावत द्वितीय और निशा तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता के निर्णायकों के रूप में नंदन राणा, ललिता रौतेला व मंजू कुंवर ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम में शकुंतला भट्ट, शांति पंवार, योगेश मंमगांई, पंकज रौतेला, चन्द्र सिंह जगवाण, अंकुश जखवाल, संजय रावत, वीरेन्द्र बिष्ट, गोपाल सिंह नेगी, शांति भट्ट, संगीता नेगी, लक्ष्मी बिष्ट, लीलावती सकलानी, वर्षा पंवार, सावित्री राणा, उमा कण्डारी, सम्पति बुटोला, अनीता कंडारी, सोनी सेमवाल, उम्रा कंडारी सहित कला मंच की सभी महिलाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम में लक्ष्मी नेगी द्वारा अपनी हस्तनिर्मित सामग्री का स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसको सभी दर्शकों ने सराहा। कार्यक्रम का संचालन विमला राणा व हैप्पी असवाल द्वारा किया गया। शिक्षक नंदन राणा ने वसंत पर एक सुंदर गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी।

# मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए किया प्रेरित, दिलाई मतदाता शपथ

चमोली : लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिये 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये स्वीप कार्यक्रम तहत चमोली जनपद में जागरुकता अभियान संचालित किए जा रहे है। जिसके तहत सोमवार को स्वीप की ओर से लो वोटर टर्न आउट वाले बूथों पर जागरूकता अभियान चलाया गया।

जनपद में निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को स्वीप टीम ने लो वोटर टर्नआउट वाले बूथ भेंटी, सिमलसैंण, कनोल, ग्वाई, थिरपाक में प्रचार रथ के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान स्वीप कर्मियों ने मतदाताओं से वार्ता कर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील करने के साथ ही मतदाता शपथ दिलाई।

साथ ही टीम की ओर से जनपद के पेट्रोल पंपों, खाद्यान्न व गैस गोदामों में जागरुकता प्रचार सामग्री का वितरण भी किया। दूसरी ओर दिव्यांग जागरूकता रथ के माध्यम से जनपद के दूरस्थ क्षेत्र




तपोवन, रिंगी, रेनी, सुराईथोठा, सुकी, तमक, जुम्मा, झेलम, भापकुंड, मलारी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित किया।

स्वीप समन्वयक कुलदीप गैरोला ने बताया कि चमोली में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जहां प्रतिदिन स्वीप कर्मियों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं जिले में दीवार लेखन करने के साथ ही सोशल मीडिया और अन्य संचार माध्यमों से भी मतदाताओं को जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा है। इस मौके पर अरविंद बिष्ट, सुंदर राणा, राजेंद्र प्रसाद सती, पृथ्वी रावत, प्रबोध डिमरी, दीवान सिंह नेगी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## पुलिस और पैरामिलिट्री ने फ्लैग मार्च निकाला

रुद्रप्रयाग : लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर अगस्त्यमुनि के सौडी कस्बे में पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान लोगों से आचार संहिता का पालन करने एवं निर्भीक होकर बिना निष्पक्ष मतदान करने की अपील की। नोडल अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल के नेतृत्व में थाना अगस्त्यमुनि पुलिस एवं आईटीबीपी ने कस्बा सौड़ी में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान क्षेत्र के आमजनमानस से आचार संहिता का पालन करने तथा निर्भीक होकर किसी भी धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निष्पक्ष मतदान करने के लिए जागरुक किया गया। पुलिस ने सभी को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरुक किया गया। जनपद पुलिस के स्तर से मतदान केन्द्रों के आस पास होने वाली गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। तथा मतदान में अराजकता का माहौल उत्पन्न करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध निवारक कार्यवाही की जा रही है। (एजेंसी)

## पूर्व महामंत्री नवल ने भाजपा छोड़ी

चमोली : भारतीय जनता पार्टी चमोली जिले के पूर्व महामंत्री और लोकसभा चुनाव की दृष्टि से कर्णप्रयाग विधानसभा प्रभारी नवल भट्ट ने पार्टी के सभी दायित्वों से त्याग पत्र दे दिया है। वह संगठन में प्रदेश सह संयोजक स्थानीय निकाय भी थे। चुनाव के समय भाजपा के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है। युवा नेता नवल भट्ट ने अपना त्यागपत्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को भेज दिया है। त्याग पत्र में लिखा है कि उनके पूर्व विधायक राजेंद्र भंडारी से कोई व्यक्तिगत मतभेद नहीं थे। पार्टी के सिद्धांतों की लड़ाई थी। अब सिद्धांत समाप्त हो गए हैं। नवल लगातार दो बार गोपेश्वर नगर पालिका के भी पार्षद रहे। (एजेंसी)

## गैरसैंण नगर में एडुटेक हिल ऐकेडमी शुरू

चमोली : क्षेत्र में कंप्यूटर शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए गैरसैंण नगर में एडुटेक हिल एकेडमी का शुभारंभ प्रो. एसके पलहन (आईआईटी खड़गपुर), सलाहकार रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर एकेडमी के संस्थापक एचएस नेगी ने बताया कि दिल्ली में 25 वर्ष तक उच्च पदों पर कार्य करने के बाद 2021 में रिवर्स माईग्रेशन किया। यह एकेडमी क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण के द्वारा आत्म निर्भर बनाने के प्रयास करेगी।

# खनन वाहनों की निकासी को पिपलिया में फायरिंग, 3 घायल



काशीपुर।खनन वाहनों की निकासी को लेकर गांव पिपलिया में जमकर पथराव और मारपीट हो गई। आरोप है कि माईनिंग चेकपोस्ट पर मौजूद दबंगों ने 8 से 10 राउंड फायरिंग की, जिससे अफरा–तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से एक पिस्टल और एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के 8 लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकद्मा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। खनन वाहनों की रॉयल्टी चेक करने के लिए कैलाश रिवर बैड मिनरल को सरकार की ओर से स्वीकृति मिली है। आरोप है कि रॉयल्टी चेक करने की आढ़ में ये लोग अवैध वसूली कर रहे हैं तथा चालकों से मारपीट कर रहे हैं। आरोप ये भी है कि इनकी चेकपोस्ट छोई मोढ़ पर है, लेकिन ये लोग रविवार की रात करीब 12.30 बजे पिपलिया मोढ़ पर नियमों को ताक पर रखकर चेकिंग कर रहे थे। तभी सामने से पट्टी निवासी माजिद का खाली डंपर डीजल डलवाकर आ रहा था, जिसको इन्होंने रोका और उससे अवैध वसूली करनी चाही। इसपर वहां विवाद हो गया। इसके बाद डंपर स्वामी माजिद अपने दोस्त मोहित के साथ मौके पर पहुंचा था। आरोप है कि इसी बीच चेक पोस्ट कर्मियों ने पथराव कर दिया। इसमें मोहित और फरमान घायल हो गए। इस घटना से नाराज लोग बड़ी संख्या में एकजुट हो गए और दोनों ओर से गाली गलौच होने लगा। आरोप है कि चेक पोस्ट कर्मी घर का चैनल गेट बंद कर छत पर चढ़ गए और वहां से 8 से 10 राउंड फायर कर दिए। इससे अफरा–तफरी मच गई। मारपीट फायरिंग की सूचना के बाद सीओ अन्न राम आर्य, कोतवाल मनोज रतूढ़ी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने नाराज लोगों को शांत करते हुए चेक पोस्ट कर्मियों के पास से एक लाईसेंसी पिस्टल तथा एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया। वहीं पुलिस ने कंपनी के कर्मी विनय कुमार अहलूवालिया की तहरीर पर 6 अज्ञात और अन्य लोगों पर मुकद्मा दर्ज कर लिया।

## किसी सांसद को नहीं, बल्कि मोदी को वोट दें: शाह

विकासनगर।टिहरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने सोमवार को सहसपुर विधान सभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि इस बार जनता किसी सांसद को नहीं बल्कि मोदी को वोट देगी।

उन्होंने कहा कि वह अपने लिए नहीं, बल्कि मोदी के लिए वोट मांगने आई हैं। भाजपा प्रत्याशी ने लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में बताया। बीते दस साल में मोदी सरकार की ओर से किए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि भारत को विश्व की महाशक्ति बनाने के लिए लगातार तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है।

सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर ने कहा की केंद्र और राज्य सरकार ने आम जनता के हित में अनेक कार्य किये हैं। ऐसे में भाजपा उम्मीदवार को इस क्षेत्र से अधिकाधिक वोट देने के लिए सभी मिलकर कार्य करे।



## भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की पत्नी ने कीं नुक्कड़ सभाएं

रुद्रपुर।नैनीताल–ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की पत्नी अधिवक्ता पुष्पा भट्ट ने रविवार देर रात शांतिपुरी, जवाहरनगर व शांतिपुरी नंबर 4 में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने ग्रामीणों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान महिलाओं ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर नैनीताल हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन अध्यक्ष अधिवक्ता डीसीएस रावत, दुग्ध संघ निदेशक इन्दर मेहता, त्रिलोक सिंह रावत, कविता तिवारी, तारा सिंह कोरंगा, प्रताप सिंह कोश्यारी, इंदर मेहता, विजेंद्र जोशी, त्रिलोक सिंह रावत आदि रहे।

## कार्यकर्ता गाँव–गाँव जाकर भाजपा से लोगों को जोड़ें



अल्मोड़ा।भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक पार्टी कार्यालय पाताल देवी में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में जिला महामंत्री धर्मेन्द्र बिष्ट, मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह बिष्ट, जिला सह मीडिया प्रभारी जगत तिवारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मोर्चा चन्दन लाल ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कार्यकर्ता केंद्र सरकार कि नीतियों को जन–जन तक पहुंचाएं। प्रभारी राजेंद्र सिंह बिष्ट ने भी संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा चन्दन लाल टम्टा ने तथा संचालन दीवान आर्य ने किया। बैठक सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में गांव–गांव जाकर लोगों को जोड़ने पर जोर दिया। कार्यक्रम में कांग्रेस से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले पूर्व दर्जा मंत्री सिकंदर पवार भी कई कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम में महामंत्री धर्मेन्द्र बिष्ट व जिला मीडिया

## भाजपा ने मुफ्त अनाज देकर लोगों को पंगु बना दिया: कुंजवाल

अल्मोड़ा।पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविन्द सिंह कुंजवाल ने बकसवाड न्याय पंचायत क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकारों ने आम जनमानस को परेशान करके रख दिया है एक तरफ आसमान छूती महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है। आजादी के बाद आज 75 वर्षों में सबसे अधिक बेरोजगारी हो गई है, रोजगार मिलना कठिन हो गया है। मनरेगा योजना लगभग पूरे उत्तराखंड में बंद हो चुकी है। कुंजवाल ने कहा कि एक तरफ भाजपा ने 5 किलो अनाज मुफ्त देकर लोगों को पंगु बना दिया है उन्होंने कि डॉ मनमोहन सिंह ने भोजन का अधिकार कानून बनाकर 2 रूपया किलो गेहूँ व 3 रूपया किलो चावल सस्ते गल्ले की दुकानों में देने का नियम बनाया। जब से केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई प्रधानमंत्री मोदी ने 5 किलो मुफ्त राशन देने का काम किया,

# देश के विकास को मोदी सरकार जरूरी: बलूनी

ऋषिकेश।पौड़ी जनपद के यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने प्रचार तेज कर दिया है। सोमवार को पौड़ी लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी अनिल बलूनी ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर वोट मांगे। उन्होंने कहा कि देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ विकास के लिए मोदी सरकार जरूरी है। दावा किया कि तीसरी बाद भारी बहुमत से केंद्र में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने सांसद बनने पर क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का भरोसा भी लोगों को दिया। सोमवार को पौड़ी सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने यमकेश्वर विधानसभा के हनुमन्ती, मटियाली और डाडामंडी में जनसंपर्क कर भारतीय जनता पार्टी के लिए मतदान करने की अपील की। विभिन्न स्थानों पर आयोजित नुक्कड़ सभाओं में बलूनी ने कहा कि जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। कहा कि



यमकेश्वर विधानसभा में क्षेत्रवासी विभिन्न समस्याओं से भी अवगत करवा रहे हैं। सांसद बनने पर समस्याओं का प्राथमिकता से निदान किया जाएगा। इस दौरान यमकेश्वर विधायक रेणू बिष्ट, चुनाव सह प्रभारी हेमंत द्विवेदी, जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र रावत, द्वारीखाल ब्लॉक प्रमुख महेन्द्र राणा,बचन सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### भाजपा ने चुनाव अधिकारियों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

देहरादून। भाजपा ने चुनाव आयोग के अधिकारियों पर कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न का आरोप लगाया। पार्टी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर इस संदर्भ में अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की। भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के नेतृत्व में भाजपा का प्रतिनिधि मंडल सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम से मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन से जुड़े अधिकारी पार्टी के सदस्यों व पदाधिकारियों के घरों से नेम प्लेट, झंडे और स्टीकर जबरन उतार रहे हैं।

कारोबारियों को भी दुकानों पर झंडे लगाने नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयोग की गाइडलाइन के अनुसार किसी भी राजनैतिक दल का सदस्य अपने घर पर नेम प्लेट, झंडा लगा सकता है। लेकिन उनके कार्यकर्ताओं को परेशान कर उत्पीड़न किया जा रहा है। साथ ही पार्टी ने कहा कि आयोग की इजाजत के बावजूद एलईडी वैन को जगह जगह रोका जा रहा है। साथ ही निजी वाहनों से भी झंडे उतारे जा रहे हैं। उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से इस प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

### कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को तय किए मीडिया कॉर्डिनेटर

देहरादून। लोकसभा चुनाव को प्रचार अभियान तेज करने, मीडिया में अपनी बात मजबूती से रखने को कांग्रेस ने हर स्तर पर मीडिया कॉर्डिनेटर तय कर दिए हैं। चुनाव को देखते हुए पार्टी की विचारधारा को प्रचारित प्रसारित करने को मंडल, लोकसभा और जिलेवार मीडिया कॉर्डिनेटर बनाए गए हैं। उत्तराखंड कांग्रेस मीडिया विभाग ने प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की संस्तुति और उत्तराखंड मीडिया विभाग की नवनियुक्त प्रभारी डॉ चयनिका उनियाल के निर्देशन में मीडिया कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए गए। मुख्य प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी ने बताया कि पार्टी की रीति नीति जमीनी स्तर तक पहुंचाने और मीडिया विभाग में बेहतर समन्वय को ऐसा किया गया है। गढ़वाल मंडल मीडिया प्रभारी के रूप में लखपत बुटोला को जिम्मेदारी दी गई है। कुमाऊं मंडल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी नीरज तिवारी को दी गई। लोकसभा मीडिया समन्वयक के रूप में अल्मोड़ा में तारू तिवारी, नैनीताल में एडवोकेट कमलेश तिवारी, हरिद्वार में महेश प्रताप राणा, टिहरी में शांति प्रसाद भट्ट, पौड़ी में अद्धैत बहुगुणा को जिम्मेदारी दी गई। जिला स्तर पर भी समन्वयक बनाए गए हैं।

# एमडीएस के 78 और बीडीएस के 431 छात्रों को डिग्री प्रदान की




ऋषिकेश।सीमा डेंटल कॉलेज एवं हास्पिटल में दीक्षांत समारोह हुआ। जिसमें एमडीएस के 78 और बीडीएस के 431 छात्र–छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। एम्स निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह ने कहा कि दंत चिकित्सकों की जरूरत सिर्फ बड़े शहरों तक ही नहीं अपितु गांव में भी है। सोमवार को सीमा डेंटल कॉलेज एवं हास्पिटल ऋषिकेश में एचएनबी गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में स्नाकोत्तर एवं स्नातक छात्रों का दीक्षान्त समारोह आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ एम्स ऋषिकेश की डायरेक्टर प्रो. मीनू सिंह, एचएनबी विवि के कुलपति प्रतिनिधि प्रो. आरसी भट्ट, सीमा डेन्टल कॉलेज एवं हास्पिटल के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आरके गुप्ता, चेयरमैन डॉ. अमित गुप्ता, कार्यकारी निदेशक अजय गर्ग ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि दंत चिकित्सकों की जरूरत सिर्फ बड़े शहरों तक ही सीमित न होकर गांव–गांव तक है, यही आज की आवश्यकता है। एक सफल चिकित्सक वही है, जो रोगी के रोग से पहले उसके मन की व्यथा समझ पाए तथा सिर्फ दांत का ही नहीं वरन उनके पूर्ण व्यक्तित्व का इलाज कर सके। कार्यक्रम में एमडीएस बैच 2016, 2017, 2018, 2019 एवं 2020 के 78 स्नाकोत्तर छात्रों एवं बीडीएस बैच 2014, 2015, 2016, 2017 एवं 2018 के 431 स्नातक छात्रों को कुलपति प्रतिनिधि प्रोफेसर आरसी भट्ट ने उपाधि प्रदान की।

## चारधाम यात्रा की तैयारियों में आई तेजी

ऋषिकेश।चारधाम यात्रा को लेकर तीर्थनगरी ऋषिकेश में तैयारियां तेज हो गई हैं। यात्रियों के लिए संयुक्त यात्रा बस ट्रांजिट कंपाउंड के भवनों का रंगरोगन किया जा रहा है। पंजीकरण केंद्र में भी यात्रियों के लिए आवश्यक इंतजाम जुटाए जा रहे हैं। चारधाम यात्रा प्रबंधन एवं नियंत्रण संगठन पर तीर्थयात्रियों का सुविधाओं का जिम्मा है। यात्रा ट्रांजिट एवं पंजीकरण केंद्र में भी डोरमैट्री को वातानुकूलित करने के लिए कार्रवाई शुरूकर दी गई है। यात्रियों के आराम के लिए जर्मन हैंगर टैंट की व्यवस्था भी की जा रही है। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय हाल ही में सभी व्यवस्थाओं का चाक–चौबंद करने के निर्देश जारी कर चुके हैं। उन्होंने यात्रियों के आगमन और ठहरने के स्थलों को साफ–सुथरा रखने के साथ ही चमकाने के लिए भी कहा है, जिसके क्रम में भी संगठन के अधिकारी तैयारियों में युद्धस्तर पर जुटे दिख रहे हैं।

## पर्यटन निगमों के कर्मचारी हों नियमित

देहरादून।पर्यटन निगमों केएमवीएन जीएमवीएन के कर्मचारियों के नियमितीकरण, वेतन विसंगति से जुड़े विषयों का निस्तारण न होने पर जीएमवीएन कर्मचारी संगठन ने नाराजगी जताई। निगमों के एकीकरण की मुहिम के भी ठंडे बस्ते में जाने पर सवाल उठाए।

शासन पर एकीकरण की मुहिम को आगे न बढ़ाने का आरोप लगाया। कर्मचारी संगठन के महासचिव आशीष उनियाल ने कहा कि सालों से पर्यटन निगमों के कर्मचारियों को नियमित किए जाने की मांग की जा रही है। सालों से संविदा, दैनिक वेतन पर काम करने वाले कर्मचारियों को समान काम का समान वेतन देकर नियमित किए जाने को बार बार मैनेजमेंट, शासन स्तर पर वार्ताएं हो रही हैं। इसके बावजूद हर बार आश्वासन देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जा रहा है। शासन स्तर से पहले दोनों निगमों का एकीकरण करने की मुहिम शुरू हुई। 2017 में शुरू हुई, ये मुहिम आज तक पूरी नहीं हुई। जबकि कर्मचारियों ने इस दिशा में आगे बढ़ते हुए दोनों निगमों के कर्मचारी संगठनों का एक संयुक्त संगठन तक बनाया। एक सुर में सभी की मांग थी कि दोनों निगमों के कर्मचारियों को पर्यटन विकास परिषद में मर्ज करते हुए पर्यटन निगमों का एकीकरण कर दिया जाए। पूरे पर्यटन सेक्टर को एक नाम दिया जाए। अभी जीएमवीएन, केएमवीएन अलग अलग नाम होने से प्रदेश से बाहर के पर्यटकों के बीच भ्रम की स्थिति रहती है। इस भ्रम को दूर करने को निगमों का एकीकरण किया जाए। इससे पहले कर्मचारियों को नियमित करते हुए वेतन विसंगति दूर की जाए। ताकि एकीकरण के बाद किसी भी तरह की कोई दिक्कत पेश न आए।

# उत्तराखंड के सभी अस्पतालों का होगा फायर सेफ्टी आडिट

देहरादून। अग्नि सुरक्षा के लिहाज से राज्य के सभी अस्पतालों का सेफ्टी ऑडिट कराया जाएगा। राज्य सरकार अग्निकांड के दौरान जनहानि को रोकने के लिए अत्याधुनिक फायर फाइटिंग रोबोट भी लेने ला रही है। प्रथम चरण में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में दो फायर फाइटिंग रोबोट खरीदे जाएंगे। सोमवार को सचिवालय में विश्व बैंक सहायतित उत्तराखण्ड डिजास्टर रिकवरी प्रोजेक्ट–अतिरिक्त वित्तपोषण (यूडीआरपी–एएफ) और उत्तराखंड आपदा से बचाव की तैयारी और प्रबंधन प्रोजेक्ट की हाईपावर कमेटी बैठक में यह निर्णय किया गया। गर्मियों के मौसम में आग के हादसों की बढ़ने वाली संख्या को देखते हुए एहतियाती उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा आपदा प्रबंधन एवं सभी संबंधित विभाग आपदा से बचाव की तैयारियों को दुरूस्त कर लें। खासकर राज्य के सभी अस्पतालों में अग्नि से बचाव के इंतजाम का पुख्ता होना जरूरी है। अस्पताल बेहद संवेदनशील होते हैं। इसलिए उनमें प्राथमिकता के साथ अग्नि सुरक्षा उपायों का सेफ्टी ऑडिट अवश्य कर लिया जाए। बैठक में अग्निसुरक्षा के विभिन्न उपकरणों के खरीद प्रस्तावों को मंजूरी भी दी गई। साथ ही दो रोबोट खरीदने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दे दी गई।

## मेंहूवाला के पूर्व प्रधान इरशाद अली भाजपा में शामिल

देहरादून। मेहूंवाला के पूर्व प्रधान और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इरशाद अली सोमवार को अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स के साथ उन्होंने मेहूंवाला से सेवला खुर्द स्थित प्रकाश गार्डन तक जुलूस निकाला। यहां पर भाजपा के हरिद्वार प्रत्याशी पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, विधायक धर्मपुर विनोद चमोली, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कोहली ने पटका पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव डॉ. इमरान अहमद, सेवादल के कार्यकारी महानगर अध्यक्ष सलीम शाह भी अपने समर्थकों संग भाजपा में शामिल हुए।

# अविकसित मस्तिक वाले बच्चों की काउंसलिंग की

रुद्रपुर।विश्व आटिज्म दिवस के उपलक्ष्य में गायत्री अस्पताल में अविकसित मस्तिष्क वाले बच्चों की काउंसलिंग की गई। अनुराग फाउंडेशन फॉर स्पेशल नीड्स की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.पीसी पांडे, डॉ. अजय चौधरी, डॉ. अनीता चौधरी, डॉ. रचित सक्सेना, पूर्व पालिका अध्यक्ष सोनी राणा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पांडे ने काउंसलिंग के दौरान बच्चों के विकास के लिए मातृ एवं बाल सुरक्षा कार्ड से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माता–पिता अपने बच्चों में विकास के स्तर को आंक सकते हैं। असामान्य लक्षण मिलने पर उनका समय पर निदान किया जा सकता है। यहां मौजूद अतिथियों ने गायत्री अस्पताल की डॉ. अनीता चौधरी द्वारा 2015 से संचालित अनुराग फाउंडेशन फॉर स्पेशल नीड्स की सराहना की। बताया कि आटिज्म डाउन सिंड्रोम, सेरेब्रल पॉलिसी, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी एवं लर्निंग डिसएबिलिटी के बच्चों को बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान कर समाज में रहना एवं स्वयं की पहचान बनाना सिखाया जाता है।




# राजभवन में ओडिशा राज्य का स्थापना दिवस मनाया





देहरादून।सोमवार को राजभवन में ओडिशा राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में राज्य के उत्तराखंड में रह रहे उड़िया समाज, देहरादून के लोगो ने प्रतिभाग किया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए उपस्थित लोगों को पूरे प्रदेश की ओर से स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा यह दिन ओडिशा के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित है। उन्होंने कहा ओडिशा राज्य अपनी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, नैतिक मूल्यों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ के पुरातात्विक स्थल, ऐतिहासिक मंदिर और भव्य सांस्कृतिक एवं कला के संग्रह दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं। राज्यपाल ने कहा कि ओडिशा की पहचान, भगवान जगन्नाथ मंदिर विस्मय और श्रद्धा को प्रेरित करता है, जो राज्य की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक उत्साह के लिए एक कालातीत प्रमाण है।राज्यपाल ने कहा कि राज्यों के स्थापना दिवस मनाने से हमें विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को समझने और आदान–प्रदान करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा, विविधता में में एकता हमारे देश का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने कहा कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के माध्यम से विभिन्न राज्यों के बीच आपसी एवं सांस्कृतिक मेलजोल होता है जो की अत्यंत महत्वपूर्ण है, और एक समृद्ध एवं अद्वितीय राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com